अर्थव्यवस्था नियंत्रण के लिए टास्क फोर्स गठन के आदेश जारी

District : dipr
Department :
VIP Person : General
Press Release
State News
Attached Document :
M-04-04-2020-5.docx (http://103.203.138.54/news/205679/document/M-04-04-2020-5.docx)

DESCRIPTION

अर्थव्यवस्था नियंत्रण के लिए टास्क फोर्स गठन के आदेश जारी

जयपुर, 4 अप्रेल। आयोजना विभाग ने कोरोना वायरस के प्रकोप एवं सम्पूर्ण लॉक डाउन के कारण केन्द्र एवं राज्य की अर्थव्यवस्था पर पड़ने वाले प्रतिकूल प्रभाव से उभारने एवं अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाने के लिए टास्क फोर्स गठन के आदेश कर दिए। यह टास्क फोर्स पूर्व निर्धारित रणनीति के तहत काम शुरू करने के लिए 100 महत्वपूर्ण सुझाव देगी।

आयोजना विभाग के प्रमुख शासन सचिव श्री अभय कुमार की ओर से जारी आदेश के अनुसार मुख्यमंत्री के आर्थिक सलाहकार एवं राजस्थान ट्रांसफोर्मेशन एडवायजरी काउंसिल के उपाध्यक्ष श्री अरविन्द मायाराम को टास्क फोर्स का अध्यक्ष बनाया गया है। इसमें मुख्यमंत्री के सलाहकार डॉ. गोविंद शर्मा, अतिरिक्त मुख्य सचिव वित्त श्री निरंजन आर्य, अतिरिक्त मुख्य सचिव उद्योग श्री सुबोध अग्रवाल, प्रमुख शासन सचिव सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता श्री अखिल अरोरा, प्रमुख शासन सचिव कृषि श्री नरेशपाल गंगवार, शासन सचिव विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी सुश्री मुग्धा सिन्हा एवं शासन सचिव पशुपालन श्री राजेश शर्मा को सदस्य बनाया गया है। आयोजना विभाग के प्रमुख शासन सचिव श्री अभय कुमार टास्क फोर्स के सदस्य सचिव होंगे।

SUPPORTING IMAGES